सार-समाचार

जरूरतमंदों को कंबल बांटे

झुंझुनूं, (निसं)। बगड़ रोड स्थित पंसारी लॉयंस अस्पताल के समीप रविवार को श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था एवं लॉयंस क्लब झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में झुंझुनूं निवासी स्वर्गीय शारदा देवी मगंतूराम जालान की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र मुंबई प्रवासी देवेंद्र जालान के सौजन्य से जरूरतमंदों को कंबल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित बतौर अतिथि गायत्री अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, प्रीति मोदी एवं रीजन चेयरमैन डॉ. एनएस नरूका द्वारा किया गया। इस दौरान अतिथियों का स्वागत श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था एवं लॉयंस क्लब झुंझुनूं की ओर से दुपट्टा ओढाकर प्रतीक चिह्न भेंटकर किया गया। इस अवसर पर श्रीश्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, लॉयंस क्लब झुंझुनूं अध्यक्ष डॉ. देवेंद्रसिंह शेखावत, सचिव गोपालकृष्ण गुप्ता, स्पेशल कैबिनेट सेक्रेटरी एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, एमजेएफ लॉयन रघुनाथप्रसाद पोद्दार, प्रहलाद अग्रवाल, श्यामसुंदर मोदी, विशाल अग्रवाल, मुबारिक अली पठान, महिपाल सिंह, विनिता शर्मा एवं रामप्रताप कुमावत सहित अन्य लॉयन सदस्य उपस्थित थे। अतिथियों ने कंबल वितरण के इस कार्य के लिए दानदाता एवं आयोजक संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सर्दी के इस मौसम में कोई न ठिठुरे अभियान निस्संदेह अनुकरणीय है। विदित है कि श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के कंबल वितरण अभियान आगामी 14 जनवरी मकर संक्रांति तक पांच हजार कंबल वितरण के लक्ष्य के साथ स्थानीय, प्रवासी एवं अप्रवासी दानदाता व भामाशाहों के सहयोग से लगातार जारी रहेगा।

विद्यालय भवन को जर्जर बताने के आदेश का विद्यालय प्रबंधन समिति ने विरोध किया

पाटन (निसं)। शिक्षा विभाग द्वारा करजो खरकड़ा गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के भवन को जर्जर बताते हुए विद्यालय को बेगा की नांगल गांव के विद्यालय में मर्ज करने के आदेश के बाद गांव में असंतोष व्याप्त है। इस संबंध में करजो खरकड़ा गांव की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित कर सरकार के इस निर्णय का विरोध दर्ज कराया गया।बैठक में समिति सदस्यों ने स्पष्ट किया कि विद्यालय भवन पूरी तरह सुरक्षित है और बच्चों की पढाई बिना किसी जोखिम के संचालित की जा सकती है। समिति ने कहा कि विद्यालय को लगभग 7 किलोमीटर दूर रामपुरा बेगा की नांगल गांव में स्थानांतरित करने से छोटे बच्चों को आवागमन में गंभीर परेशानी होगी, जिससे उनकी शिक्षा प्रभावित होगी।विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने भी शिक्षा विभाग को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि विद्यालय भवन जर्जर नहीं है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि वे स्वयं तथा उनकी अध्यापिका टीम विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण में शिक्षण कार्य कराने की पूरी जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। साथ ही विद्यालय को अन्यत्र मर्ज नहीं करने की मांग की गई है। विद्यालय प्रबंधन समिति एवं ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि जमीनी वास्तविकता को ध्यान में रखते हुए आदेश पर पुनर्विचार किया जाए तथा करजो गांव में ही विद्यालय का संचालन यथावत रखा जाए।

फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन

बिसाऊ (निसं)। लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट, बिसाऊ के सौजन्य से डॉ अरविन्द सैनी के जन्मदिवस के मोके पर फ्री कैंप का आयोजन बालाजी समिति वार्ड न 22 बिसाऊ मे आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीकिशन स्वामी ने की कार्यक्रम की शुरुआत पूजा अर्चना के साथ शुरू की। इस मौके पर ट्रस्ट द्वारा डॉ साहब का दुप्पटा पहनाकर रामकुमार सैनी ने स्वागत किया अध्यक्ष श्रीकिशन स्वामी का श्याम लाल सैनी, बालाजी समिति के सदस्य राजेंद्र सिंह परिहार का स्वागत सुरेश कुमार सैनी, श्री कुंदन एवं छगन लाल जी का स्वागत श्याम लाल सैनी किया इस मोके पर 70 से ज्यादा मरीजों ने स्वास्थ्य जाँच, दवाई निःशुल्क करवाई गई जिसमे शुगर, बी पी, इसपाइरो मशीन से सांस, सर्दी जुकाम आदि की जाँच निःशुल्क की गई इस मोके पर 20 डायबटीज के मरीजों को डॉ अरविन्द सैनी श्री धर्मनाथ क्लिनिक चूरू द्वारा निः शुल्क ग्लूकोमीटर वितरित किये गए मोके पर नन्दलाल सैनी, राजकुमार स्वामी, गौरव चौहान, समीर रायन, मोहम्मद आदिल आदि मौजूद थे

कॉलेज रतनगढ़ के टेनिस सितारे वेस्ट जोन में बिखेरेंगे जलवा

रतनगढ़ (निसं)। केपीएस कॉलेज, रतनगढ़ के लिए यह अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है कि महाविद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र वासुदेव बिजारणियां एवं अमित कुमार गोदारा का चयन लॉन टेनिस (पुरुष वर्ग) में वेस्ट जोन 2025-26 के अंतर्गत महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की विश्वविद्यालय टीम के प्रतिनिधित्व हेतु हुआ है।चयनित खिलाडी विश्वविद्यालय टीम के साथ 7 जनवरी से 10 जनवरी 2026 तक कोल्हापुर (महाराष्ट्र) में आयोजित होने वाली वेस्ट जोन लॉन टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता हेतु विश्वविद्यालय टीम को 3 जनवरी 2026 को रतनगढ़ से रवाना किया गया। टीम को केपीएस कॉलेज के निदेशक डॉ. ओम प्रकाश गोदारा ने शुभकामनाओं के साथ रवाना करते हुए खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

संत सम्मेलन आयोजित

पाटन (निसं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित संत सम्मेलन मे घुघाडी धाम के मंहत श्रीश्री 108 अवध बिहारी दास महाराज ने नीमकाथाना का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह गोपाल कृष्ण ने सभी संतो को संबोधित करते हुए कहा की संत समाज को हमारी संस्कृति ओर धर्म को बचाने के लिए समाज को एकजुट करना होगा और सभी क्षेत्रों में आम नागरिक की भूमिका यह भी रहेगी कि सभी सामाजिक कार्य, गाय को बचाना व गरीबों की सहायता करना तथा धार्मिक आयोजनों में सच्ची निष्ठा के साथ कार्य करने वालों का सम्मान करने का कार्यक्रम रखें। और जनहित की जागरूकता जारी रखें और सामाजिक कार्य में ज्यादा से ज्यादा भूमिका निभाए। जिसमें पुरानी परंपराओं के अनुसार आज भी सच्ची निष्ठा के साथ मानवता जिंदी रहे ऐसा कार्य करें।

मंत्री जोराराम कुमावत का स्वागत किया

झुंझुनूं, (निसं)। केबिनेट मंत्री पशुपालन एवं देवस्थान विभाग जोराराम कुमावत से उनके झुंझुनूं प्रवास के दौरान रविवार दोपहर कुम्हार समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्री गोपाल गोशाला के अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, मंत्री प्रदीप पाटोदिया एवं निवर्तमान मंत्री नेमी अग्रवाल ने भेंट की एवं उन्हें गौशाला की ओर से ज्ञापन दिया। जिसमें लिखा गया है कि श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं में गौवंश की संख्या काफी बढ़ गई है। जिसके कारण गौशाला में बीमार व दुर्घटनाग्रस्त गौवंश के इलाज के लिए एक स्थाई तौर पर सरकारी डॉक्टर की आवश्यकता है। ज्ञापन में गौशाला की ओर से निवेदन किया गया है कि यदि सरकारी सर्जन डॉक्टर स्थाई तौर पर लगा दिया जाता है तो काफी गौवंश को बचाने में मदद मिलेगी। इस कार्य को प्राथमिकता दी जाकर जल्द से जल्द स्थाई सरकारी डॉक्टर हो सके तो सर्जन लगवाए जाने की की कृपा करें।

श्रीकृष्ण रासलीला का मंचन सात से

रतनगढ़ (निसं)। भाईजी श्री हनुमानप्रसाद पोद्दार के नोहर में उनकी स्मृति महोत्सव के अंतर्गत पंच दिवसीय श्री कृष्ण रासलीला महोत्सव का आयोजन 7 से 11 जनवरी तक होगा।श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार स्मृति न्यास के सदस्य विष्णुदत्त चौधरी ने बताया कि रासलीला का मंचन अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वृंदावन से आई श्रीनिकुंज बिहारी रास मंडली के कलाकार करेंगे। रासलीला का समय सायं 7 बजे से रखा गया है। इसी क्रम में पंचदिवस पद रत्नाकर के पदगान का भी आयोजन प्रति दिवस 11 बजे से संत चितरंजनदास महाराज के सानिध्य में होगा तथा महाराज द्वारा प्रति दिवस संकीर्तन कराकर नगर प्रभात फेरी भी निकाली जाएगी।कार्यक्रम आयोजन की तैयारी में न्यास के किशनलाल पंसारी, कुलदीप चौधरी,ललित चौधरी सहित भाईजी के परिकर लगे है।

योग एवं पौषबड़ा कार्यक्रम मनाया

झुंझुनूं, (निसं)। रामादेवी महिला महाविद्यालय नूआं में चल रहे सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेविकाओं ने योग से शिविर की शुरूआत की। प्राचार्या डॉ. आशा मिश्रा, उप प्राचार्या डॉ. शहला सयीद एवं एनएसएस प्रभारी द्वितीय डॉ. नरेश नैण ने स्वयंसेविकाओं को योग क्रियाएं करवाई। उसके बाद स्वयंसेविकाओं ने पौषबड़ा कार्यक्रम के तहत पकौड़े बनाए और सभी को वितरित किए। ये सभी कार्यक्रम एनएसएस प्रभारी डॉ. नीतू सिंह के निर्देशन में हुए।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह सीकर प्रवास पर रहे

सीकर, (निसं)। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व राज्यसभा सदस्य अरूण सिंह रविवार को सीकर प्रवास पर रहे। वे भाजपा कार्यालय में आयोजित एसआईआर, पीबीजी राम जी, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण), संगठन सशक्तिकरण पखवाडा और अटल स्मृति वर्ष अभियान की कार्यशाला में मुख्य वक्ता थे। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, जिलाध्यक्ष मनोज बाटड, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रा चौधरी, मनोज सिंघानिया, पूर्व विधायक केडी बाबर, मधु कुमावत आदि मंचस्थ रहे। पदाधिकारियों ने माँ भारती व पार्टी के संस्थापकों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यालय का शुभारंभ किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व राज्यसभा सदस्य अरूण सिंह ने कहा कि भाजपा के संस्थापक रहे स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में देश ने अनेक उपलब्धियां हासिल की थी। कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व

■ **भारत रत्न स्व. वाजपेयी के नेतृत्व में देश ने अनेक उपलब्धियां हांसिल की : भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह**

में भाजपा निरंतर आगे बढ़ती का काम किया। कहा कि अटलजी की सोच भारत को सशक्त, सक्षम व मजबूत बनाने की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्व. वाजपेयी के इन्हीं सपनों को साकार करने का काम रहे हैं। कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अटलजी के सपनों का भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने नरेगा में खड्डे खोदने का काम किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने संविधान में संशोधन करके पीबीजी राम जी नाम करके मजदूरों को अब 125 दिन को रोजगार तय करके उनका बेहतर भविष्य बनाने का काम किया है। अब इसी में नए तालाब, स्कूल, डिस्पेंसरियां, डेम आदि बनेंगे।

कांग्रेस पर प्रहार करते हुए श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय में नरेगा के समय काम ही नहीं हुआ था, प्रोजेक्ट बने ही नहीं, मनरेगा के नाम पर एक सडक़ को कई बार बनाया गया। कहा कि कांग्रेस पार्टी नकारात्मक राजनीति करके भ्रम फैलाने में लगी हुई है, इसीलिए उसकी लगातार हार हो रही है और वह आज भी हार का ही सामना कर रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन में बेहतर कार्य किया जा रहा है। कहा कि राजस्थान में चल रहे एसआईआर में ध्यान से काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राजनीति पार्टी नीति, नियत व कार्ययोजना को लेकर चुनाव जीतती है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकारें अच्छा काम कर रही है।

अरूण सिंह के कार्यशाला में पहुंचने पर जिलाध्यक्ष मनोज बाटड के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पार्टी का दुपट्टा, साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। इससे पहले पार्टी कार्यालय पहुंचने पर रास्ते में जेसीबी के ऊपर से फूलों की बरसात करके व मुख्य द्वार पर बड़ी माला पहनाकर राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह का स्वागत किया गया।

जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि इस दौरान रामावतार रूंथला, नेमीचंद कुमावत, बनवारीलाल यादव, पूर्णमल गुर्जर, प्रभुसिंह सेवद, रमेश जलधारी, सजन सैनी, सुमन वर्मा, श्रीहरि बियाणी, करण सिंह, सुल्तान खीचड, राजकुमार महला, मुलचंद रणवां, प्रभुसिंह गोगावास, अनुराधा, कंचन अग्रवाल, अनिता शर्मा, स्वदेश शर्मा, सुरेश सैनी, मुस्ताक अहमद, दिनेश भादवासी, यश जलधारी, जयदीप रेपसवाल, जितेश शर्मा, जयदीप त्रिलोकपुरा, धनराज, त्रिभुवन सिंह, ओमेंद्र चारण, मनोज धाबाई, इंद्र शर्मा, परमेश्वर शर्मा, सुशील शर्मा, विजयपाल चिराणियां, सुभाष भामू, जितेंद्र सिंह मंढा, मदन मावलिया, फूलचंद बाजिया, जितेंद्र बाजिया, नंदकिशोर सैनी, भंवरलाल जांगिड, डॉ. बीएल रणवां, वरूण कुशलेश शर्मा, मनोहरलाल सैनी, नरेंद्र कौशिक, गजेंद्र सिंह, भंवरी खोखर, सजन सिंह निर्वाण, सोनू सोनी, रामप्रसाद मिश्रा, प्रियंका बाजिया, भजनलाल टेलर, जावेद किरडोली, मदन जांगिड आदि मौजूद रहे।

राजस्थान भाजपा से कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता का भव्य स्वागत

चूरू (निसं)। चूरू जिला मुख्यालय पर भाजपा संगठन के राजस्थान के पुनः कोषाध्यक्ष बनने पर चूरू तहसील के हर समुदाय के व्यक्ति पंकज गुप्ता का जगह जगह स्वागत कर रहे है।

■ **चूरू जिले में भाजपा की राजनीति में नए समीकरण बनने की होने लगी है सुगबुगाहट**

पंकज गुप्ता की बेदाग छवि व ईमानदारी से कार्य करने वाले भाजपा के धरातल से जिसे हुए कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते है और यही कारण है कि चूरू तहसील में उनका जगह जगह स्वागत किया जा रहा है। रविवार को अंतरराष्ट्रीय व्यापारी व पूर्व चेयरमैन रहे गौरी शंकर ने अपने होटल में अग्रवाल समाज के व्यक्तियों की ओर से पंकज गुप्ता के स्वागत में समाज की ओर से जोरदार स्वागत किया और अग्रवाल समाज के अनेक बड़े बड़े व्यापारी के साथ अग्रवाल समाज के सैकड़ों व्यक्ति जिले भर से आकर पंकज गुप्ता का स्वागत किया। इससे पूर्व चूरू शहर में भी अग्रसेन भवन में पंकज गुप्ता का जोरदार स्वागत किया।

जिला मुख्यालय पर व्यापारी समुदाय के लोगों ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में पंकज गुप्ता विधानसभा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराए तो इसमें कोई आश्चर्यजनक बात नहीं होगी। यहां यह भी ज्ञातव्य रहे कि गौरी शंकर मंडावेवाला ने जब वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री थी तो अपने निवास स्थान पर अपनी धर्म की बहन बनाकर राजे के धर्म भाई बने थे। अब पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे चाहे प्रदेश में मुख्यमंत्री नहीं है लेकिन उनकी लोकप्रियता ओर कार्यशैली से आम जनता में अभी भी पकड़ है।

आगामी विधानसभा चुनाव में व्यापारी समुदाय पंकज गुप्ता के पीछे खड़ा है और उनसे आग्रह कर रहा है कि वो विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुट जाए उन्हें अग्रवाल समाज का भरपूर समर्थन मिलेगा। पंकज गुप्ता का बढ़ता कद चूरू विधायक हरलाल सहारण व राठौड गुट को टक्कर देगा। उल्लेखनीय रहे कि पंकज गुप्ता आरएसएस के माने जाते है।

कांग्रेस नेताओं ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट लगाए जाने पर थाना प्रभारी को ज्ञापन दिया

राजलदेसर (निसं)। मीडिया पर अनुसूचित जनजाति एवं बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले व्यक्ति की गिरफ्तारी की मांग की।

नगर कांग्रेस कमेटी, राजलदेसर यह कड़े शब्दों में निंदा करती है कि सोशल मीडिया पर एक असामाजिक तत्व द्वारा अनुसूचित जनजाति समाज एवं भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के विरुद्ध अत्यंत आपत्तिजनक, घृणास्पद एवं भड़काऊ भाषा का प्रयोग किया गया है। यह कृत्य न केवल समाज की भावनाओं को आहत करता है बल्कि कानूनन गंभीर अपराध भी है।

नगर कांग्रेस कमेटी ने आज पुलिस थाना राजलदेसर में ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि उक्त व्यक्ति को तत्काल गिरफ्तार किया जाए तथा उसके सोशल मीडिया अकाउंट एवं आपत्तिजनक सामग्री पर शीघ्र कानूनी रोक लगाई जाए। कांग्रेस कमेटी ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कठोर कार्यवाही नहीं की गई तो पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

नगर कांग्रेस कमेटी यह स्पष्ट करना चाहती है कि बाबा साहब और संविधान का अपमान किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। ज्ञापन देने कांग्रेस नगर अध्यक्ष मोहम्मद जब्बार खोखर, पूर्व नेताप्रतिपक्ष मोहन लाल मेघवाल, मोहम्मद शरीफ छींपा, पार्षदगण और प्रतिनिधि भागीरथ रैगर, नब्बीबकस निर्बान, इदरीश खत्री, शरीफ बेहलीम, मिर्जाराम मेघवाल, गोविंद सिंह कठोड, डॉक्टर रतनलाल वाल्मीकि, राजेश स्वामी, भोजराज मेघवाल, रिजवान बगड, अशफाक बगड, कालू राम मेघवाल, संजय बारूपाल, चंद्रजीत वाल्मीकि, दीपाराम कडवासरा, बैनी माधव, इस्माइल खत्री, महबूब खत्री, सरवन मेघवाल, जाकिर हुसैन बगड, गुलाम बाबा काजी, गिरधारी लाल मेघवाल, रतनलाल मेघवाल, भंवरलाल मेघवाल, अनवर गौरी, असलम काजी, करीम बक्स छींपा, अन्य सभी समाज के लोग और पार्टी के सदस्यगण मौजूद रहे।

मीडिया पर अनुसूचित जनजाति एवं बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले व्यक्ति की गिरफ्तारी की मांग की।

सार-समाचार

देवाराम चोधरी सचिव व अनिल सैनी सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष बने

चूरू (निसं)। राजस्थान मेडिकल एंड सेल्स रिप्रजेंटेटिव यूनियन का वार्षिक सम्मेलन व नव निर्वाचित कार्यकारिणी का गठन रविवार को दक्ष प्रजापति भवन में आयोजित किया गया। देवाराम चोधरी को सचिव व अनिल सैनी को कोषाध्यक्ष चुना गया। रविवार को आर एम एस आर यू के चूरू सब यूनिट का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न हुआ। मीडिया प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्टेट के वाइस प्रेजिडेंट संजय माथुर थे। वहीं राज्य सचिव सवाईदान चारण, वर्किंग कमेटी के मैंबर सुनील गहलोत व धीरज सिंह विष्ठि अतिथि थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संजय माथुर ने बताया कि ये चार लेबर कोड किस तरह श्रमिक विरोधी है। इन श्रमिक विरोधी कोड के विरोध में एफ एम आर ए आई ओर श्रमिक संगठनों के आव्हान पर 12 फरवरी 2026 को सभी साथी हड़ताल पर जा रहे है। इस अवसर पर वार्षिक सम्मेलन में निवर्तमान सचिव ईश्वर सिंह ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अनिल सैनी ने ट्रेजरार रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसे सभी सभा मे आये साथियों द्वारा सर्वसम्मति से सराहा गया। इसके पश्चात सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें देवाराम चोधरी को सचिव ओर अनिल सैनी को ट्रेजरार चुना गया। विष्णु चौहान को जॉइंट सचिव चुना गया। मीडिया प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया की इस वार्षिक सम्मेलन में केमिस्ट एसोसिएषन से रामसिंह, राजपाल दहिया, सतीश कुमार, कमल जोशी, विष्णु चौहान, सुरजीत, नरेंद्र, विकास, मुकेश तंवर, राकेश जाट, महेंद्र, नरेंद्र चोधरी, दिवाकर व अन्य साथी उपस्थित थे।

64 रोगियों की निःशुल्क जांच की

झुंझुनूं, (निसं)। बगड रोड स्थित पंसारी लॉयंस अस्पताल में लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में स्वर्गीय छगनलाल मोदी एवं स्वर्गीय परमेश्वरीदेवी की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र पदमचंद एवं गजानंद मोदी के आर्थिक सौजन्य से मधुमेह चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मधुमेह चिकित्सा शिविर में परामर्शकर्ता लॉयन डॉ. एनएस नरूका एवं लॉयन डॉ. अनिल अग्रवाल के परामर्श पर पंजीकृत किए गए 64 रोगियों की बीपी, शुगर, ब्लड की निःशुल्क जांच की गई। परामर्शकर्ता लॉयन डॉ. एनएस नरुका एवं लॉयन डॉ. अनिल अग्रवाल के परामर्श पर लिखी गई दवाइयां रोगियों को एक माह की निःशुल्क प्रदान की गई। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. देवेंद्रसिंह शेखावत, सचिव लॉयन गोपाल कृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष लॉयन भागीरथप्रसाद जांगिड, पीडीजी एमजेए लॉयन एसके केजडीवाल, स्पेशल केबिनेट सचिव एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, एमजेएफ लॉयन रघुनाथप्रसाद पोद्दार, लॉयन कैलाश सिंघानिया, एमजेएफ लॉयन डॉ. मनोजसिंह टीकेएन, शिविर संयोजक लॉयन महिपाल सिंह, लॉयन विनिता शर्मा, लॉयन शिवरतन शर्मा, लॉयन मांगीलाल वर्मा, लॉयन महिपाल सिंह सहित अन्य जन उपस्थित रहे। मधुमेह चिकित्सा शिविर के संयोजक लॉयन महिपाल सिंह एवं बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर की संयोजिका लॉयन विनिता शर्मा थी।

पूर्व विधायक फूलचंद गुर्जर के निधन पर शोक, नेताओं ने श्रद्धांजलि दी

पाटन (निसं)। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा एवं सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष व पूर्व विधायक प्रेमसिंह बाजोर ने नीमकाथाना के पूर्व विधायक फूलचंद गुर्जर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस अवसर पर यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा एवं सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजोर ने स्वर्गीय फूलचंद गुर्जर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि फूलचंद गुर्जर सादगी, सहजता और जनसेवा के प्रतीक थे। नीमकाथाना से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर दो बार विधायक निर्वाचित होकर उन्होंने क्षेत्र के विकास में अहम योगदान दिया।पूर्व विधायक फूलचंद गुर्जर के आवास पर शोक संवेदना प्रकट करने के लिए दिनभर जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों का तांता लगा रहा। शोक व्यक्त करने वालों में पाटन प्रधान सुवालाल सैनी, पाटन सरपंच मनोज चौधरी, पूर्व जिला परिषद सदस्य फूलचंद खटाणा, एडवोकेट रामसिंह गुर्जर सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने स्वर्गीय गुर्जर के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

चेतना महारैली 12 को

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी सयुंक्त महासंघ की ओर से 12 जनवरी को चेतना महारैली का आव्हान किया गया है। महासंघ की उपशाखा की रविवार को उपशाखा अध्यक्ष महबूब अली की अध्यक्षता में आयोजित मीटिंग में 12 जनवरी को होने वाली चेतना महारैली को सफल बनाने का निर्णय लिया। मीटिंग में पंचायत समिति के सहायक अभियंता वीरेन्द्र सिंह, लेखाधिकारी बलबीर सिंह ढुकिया, प्रेम सिंह डोटासरा व रामावतार फगेडिया मंचस्थ अतिथि थे। वक्ताओं ने 12 जनवरी को चेतना महारैली में ज्यादा से ज़्यादा संख्या में कर्मचारी पहुंचे व महारैली को सफल बनाने का आव्हान किया। मीटिंग में परमेश्वर लाल बेनीवाल, रिछपालसिंह, महेन्द्र सिंह नर्सिंग स्टाफ से, नारायण गोदारा पटवारी संघ,केसरा राम, राजेन्द्र सिंह, शुभम शर्मा वीडिओ संघ, पीएचईडी से लक्ष्मी कांत, एलडीसी पंचायत से सन्दीप ढुकिया, महेश गढ़वाल, दिनेश बगडिया, सन्दीप जांगिड, मनोज महला शिक्षक संघ से कमल जोशी लेखासहायक संघ, आईटी संघ आदि से कर्मचारी उपस्थित रहे। मीटिंग के बाद पोस्टर विमोचन किया गया।

विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

झुंझुनूं, (निसं)। रामादेवी महिला पीजी महाविद्यालय नूआं में राष्ट्रीय सेवा योजना के साप्ताहिक शिविर के चौथे दिन परिसर विकास-स्वच्छ एवं हरा-भरा परिसर के तहत महाविद्यालय में श्रमदान, मेहंदी तथा केश सज्जा प्रतियोगिता आयोजन हुआ। सर्वप्रथम स्वयंसेविकाओं ने परिसर के उद्यान की साफ-सफाई की उसके बाद मेहंदी और केश सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया। मेहंदी प्रतियोगिता में बारह और केश सज्जा में दस छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्या डॉ. आशा मिश्रा और उप प्राचार्या डॉ. शहला सैयद ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। निर्णायक के रुप में सुनिता जाखड, सपना स्वामी, अनीशा बानो ने निष्पक्ष परिणाम दिए। एनएसएस प्रभारी डॉ. नीतू सिंह, प्रियंका, डिम्पल मील, ज्योति, मनीषा मोदी एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

चूरू (निसं)। एन.एच. 52 स्थित एक निजी होटल में रविवार को चूरू जिला रावणा राजपूत संस्थान की ओर से रावणा राजपूत समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह व दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बजरंग सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दलपत सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर किया। समाज के 27 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले महिला-पुरुषों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दिवंगत पूर्व पालिका अध्यक्ष मेघराज की पत्नी शिरू देवी, सुरजीत सिंह के पौत्र भगवान सिंह, भंवर सिंह चौहान की पत्नी सत्यवती और भवानी सिंह दांदू की पत्नी किरण कंवर को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये।

रावणा राजपूत समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

कलश यात्रा से भागवत कथा का आगाज

चूरू (निसं)। शहर के प्रतिभा नगर स्थित सोती भवन में केशव सेवा प्रन्यास की ओर से रविवार को भागवत कथा शुरू हुई। कथा से पूर्व प्रातः 11 बजे बद्रीनारायण मंदिर से ध्वज के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मुख्य मार्गों से होती हुई सोती भवन पहुंची। इस अवसर पर कथावाचक हरिशरण महाराज ने कहा कि लोग विवेक का इस्तेमाल नहीं करते। विवेक से हर समस्या का समाधान संभव है। कथावाचक हरिशरण महाराज ने भागवत को मोक्षदायिनी बताते हुए कहा कि इसका आयोजन और श्रवण सौभाग्य की बात है। इसमें वेद-पुराण का सार है।

जरूरतमंदों को कंबल वितरण करना बहुत पुण्य का कार्य : रिणवां

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर युवा विकास समिति की प्रेरणा से कस्बे के भामाशाह छत्रसिंह बोथरा ने अपनी माता स्वर्गीय किरण देवी बोथरा पिता स्वर्गीय बाबूलाल बोथरा की स्मृति में गांव पंचायत बंडवा एवं बिनादेसर में जरूरतमंद महिलाओं एवं पुरुषों को श्री राम अक्षय गौशाला में 150 कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, नथू सिंह, युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतन लाल बारूपाल, संरक्षक पूनम चंद्र गर्ग, पूर्व सरपंच करणी सिंह , हनुमाना राम सुथार के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया

■ **बोथरा परिवार ने 150 कंबल वितरित**

गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व देवस्थान मंत्री रिणवां ने कहा अपने माता-पिता की याद में जो पुत्र इस सर्दी के मौसम में जरूरतमंद परिवार जनों को जो कंबल वितरण का कार्यक्रम लगातार कर रहे हैं उसके लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं है पूर्व मंत्री राजकुमार ने कहा भविष्य में भी इसी तरह छतर सिंह बोथरा परिवार जरूरतमंद परिवार जनों की सेवा करते रहे।

कार्यक्रम में युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल ने समिति के द्वारा अब तक कराए गए कार्यों की जानकारी दी एवं भामाशाह छतर सिंह बोथरा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि लगातार 3 वर्षों से प्रतिवर्ष जितनी कंबल जरूरतमंदों को चाहिए उनके द्वारा मदद की जा रही है। उन्होंने छतर सि